उ.प.रे. N.W

उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

सं.740ई/आरआरसी/जीडीसीई/अधिसूचना 04/2023

दिनांक 07.05.2024

सर्व सम्बन्धित

महत्वपूर्ण सूचना

विषयः– सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा अधिसूचना संख्या 04/2023 द्वारा अधिसूचित सहायक लोको पायलेट के पदों की रिक्तियों को भरने हेतु ऑनलाईन परीक्षा के कम में।

*****

उत्तर पश्चिम रेलवे पर सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा अधिसूचना संख्या 04/2023 द्वारा अधिसूचित कोटि संख्या (Cat. No.01) पदनाम सहायक लोको पायलेट (ALP) के पदों की रिक्तियों को भरने के लिए दिनांक 11.05.2024 को जयपुर शहर में ऑन लाईन परीक्षा/Computer Based Test(CBT) का आयोजन एक शिफ्ट में ई कॉल लेटर में दर्शाये गये सेन्टर पर निम्नानुसार किया जाएगा।

रिपोर्टिंग समय	गेट बन्द होने का समय	परीक्षा आरम्भ होने का समय
10.30 AM	11.30 AM	12.00 PM

उक्त पद के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाईन परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थियो के लिए ई–कॉल लेटर आरआरसी, जयपुर की वेबसाईट https://rrcjaipur.in से डाउनलोड करने के लिए लिंक उपलब्ध कराया गया है। ई–कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए **HRMS ID**एवं पासवर्ड के लिए जन्मतिथि **(DDMMYYYY)**का प्रयोग करना होगा। ई–कॉल लेटर में दिये गये Relieving cum Photo ID letter में निर्धारित स्थान पर फोटो एवं हस्ताक्षर को अभ्यार्थी अपने नियन्त्रक अधिकारी/पर्यवेक्षक से मय सील सत्यापित करवाकर लांए, अन्यथा अभ्यार्थी को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ई– कॉल लेटर के साथ दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढें और उनका पालन करें।

सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा अधिसूचना 04/2023 में उल्लेखित पदों के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाईन परीक्षा के लिए किसी भी परिस्थिति में कोई पूरक परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। अतः सभी पात्र अभ्यार्थियों निर्धारित परीक्षा तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा देने से पूर्व जिस पद के लिए परीक्षा दे रहें है उन पद की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखते है, अन्यथा किसी भी चरण में अभ्यर्थी की पात्रता अधिसूचना में दिये गए निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए निरस्त कर दी जाएगी।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कर्मचारियों को पास जारी किये जाएं एवं परीक्षा के लिए उनकी मुख्यालय से अनुपस्थिति को **"on Duty" treat**किया जाएं।

नोटः–ई–बुलावा पत्र अस्थायी है, यह ई–बुलावा पत्र सिर्फ सीबीटी ऑनलाईन परीक्षा में उपस्थिति हेतु है। इस ई–बुलावा पत्र को जारी करना किसी भी प्रकार से रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उम्मीदवार से सम्बन्धित ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं अन्य दी गई सूचना व दस्तावेजों को सही मानने का द्योतक नहीं है, केवल ई–बुलावा पत्र के जारी करने का तात्पर्य यह नहीं है कि वह पद के लिए पात्र है। उसकी उम्मीदवारी संपूर्णतः अस्थायी है तथा तत्पश्चात् भर्ती के किसी भी चरण में यह उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

सहायक कार्मिक अधिकारी
कृते अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष